RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM


# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



आंधी ने खंभे दिये, भैया कई उखाड़।
ढीले ढांचे को दिया, इसने और बिगाड़।
इसने और बिगाड़, फुंक गये ट्रांसफार्मर।
बिजली आई नहीं, शहर में अजी रात भर।
कह साहिल कविराय, तार थी कसकर बांधी।
फिर से जातीं टूट, यहां जब आती आंधी।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल





VOL: 11 | ISSUE 114 | TUESDAY 05-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com





# विधायक बग्गा ने किया सिविल सिटी में गलियों के निर्माण कार्य का उदघाटन



लुधियाना/यूटर्न/4 मई। विधानसभा उतरी के वार्ड नंबर 92 स्थित सिविल सिटी रोड पर गलियों के निर्माण कार्य का विधिवत उदघाटन विधायक चौ. मदन लाल बग्गा द्वारा किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के पार्षद नरिन्द्र बिट्टू भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी भी उपस्थित रहे। विधायक बग्गा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा उतरी में पिछले 49 महीनों में जितना विकास हुआ है, उतना विकास पिछले 49 वर्षों में पूर्व विधायकों के कार्यकाल में नहीं हो सका। सिविल सिटी में कई वर्षों बाद बनी गलियों के निर्माण से लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। विधायक ने यह भी कहा कि आप सरकार का उद्देश्य हर वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पार्षद बिट्टू भारद्वाज ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इससे लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा। इस अवसर पर साहिल खुराना, ब्लाक अध्यक्ष शशि शर्मा,वार्ड सचिव रमेश शुक्ला, सुरिन्द्र गुर्जर, केशव मोहन, हल्का को-ऑर्डिनेटर पूनम अरोड़ा, शिवांगी धीमान, पिंकी बंगा, संचित मल्होत्रा,योगेश तिवाड़ी, निखिल, रमेश शर्मा, सुरिन्द्र पाल सिंह, मनिन्द्र, शीतल वर्मा व योगेश गर्ग सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# बीजेपी ने असम और बंगाल में जीत का परचम लहराया, टीएन में टीवीके को जीत, यूडीएफ को केरल में सफलता

चंडीगढ़/यूटर्न/4 मई। पश्चिम बंगाल ने अपने आधुनिक इतिहास में सबसे बड़े राजनीतिक बदलावों में से एक को देखा है। 50 सालों में पहली बार, राज्य में 'डबल-इंजन' सरकार बनेगी। 1977 से, बंगाल लगातार उन पार्टियों को वोट देता रहा है जो केंद्र में सत्ता में बैठी पार्टी का विरोध करती थीं। पांच दशकों से चला आ रहा यह पैटर्न अब निर्णायक रूप से टूट गया है। बीजेपी ने 148 सीटों के बहुमत के आंकड़े को आसानी से पार कर लिया है। वोटों की गिनती के मौजूदा रुझान दिखाते हैं कि 294 सदस्यों वाली विधानसभा में बीजेपी 215 से ज्यादा सीटों पर आगे चल रही है।




## असम के नतीजे

9 अप्रैल, 2026 को हुए असम विधानसभा चुनावों के वोटों की गिनती जारी है। भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाला मौजूदा गठबंधन, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), सत्ता में वापसी की कोशिश कर रहा है। वहीं, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्षी गठबंधन, असम सोनमिलित मोर्चा, राज्य में चुनावी बढ़त बनाने की उम्मीद कर रहा है।

## पंजाब से प्रतिक्रियाएँ

पंजाब बीजेपी के वरिष्ठ नेता सुनील जाखड़ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दमदार नेतृत्व में, बीजेपी ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारी बहुमत हासिल किया है। मैं पार्टी कार्यकताओं के समर्पण को भी सलाम करता हूँ, जिन्होंने इन चुनावों के दौरान पूरी लगन से बिना थके मेहनत की।

## लो देशभक्ति की झालमुड़ी

तरुण चुघ, जो दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय में मौजूद थे और जिन्हें झालमुड़ी (बंगाल का एक मसालेदार स्ट्रीट फूड) परोसते हुए देखा गया, उन्होंने कहा, लो देशभक्ति की झालमुड़ी, देशभक्ति की झालमुड़ी ले लो। उन्होंने बंगाल में बीजेपी की बड़ी जीत का ज़िक्र करते हुए कहा कि भारतीय राजनीतिक इतिहास में यह मौका बेमिसाल है।

## गंगोत्री से गंगासागर तक कमल खिला

पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पर कहा कि बंगाल की पहली कैबिनेट मीटिंग में ही आयुष्मान भारत को मंजूरी मिलेगी। घुसपैठ करने वालों पर एक्शन लिया जाएगा। महिलाओं को सुरक्षा का महौल मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा। उन्होंने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में सरकार बनने पर कहा- गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है।

## तमिलनाडु के नतीजे

तमिलनाडु में वोटों की गिनती के आठ घंटे पूरे होने के बाद, अभिनेता से राजनेता बने सी. जोसेफ विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) राज्य की 234 सीटों में से 108 सीटों पर आगे चल रही है। यह जानकारी सोमवार रात 9 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार है। भारत निर्वाचन आयोग के मुताबिक, डीएमके+ 75 सीटों पर आगे है, जबकि एआईएडीएमके के नेतृत्व वाला गठबंधन 50 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है।

## आसाम में 59 सीटें जीती भाजपा

भारत निर्वाचन आयोग के ताजा रुझानों के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी ने 126 सदस्यों वाली असम विधानसभा में 59 सीटें जीत ली हैं और 42 अन्य सीटों पर आगे चल रही है। कांग्रेस ने 21 सीटें जीती हैं या उन पर आगे चल रही है। बीजेपी की एक और सहयोगी पार्टी, 'असम गण परिषद' (एजीपी) ने तीन सीटें जीती हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों से पता चलता है कि बदरुद्दीन अजमल के नेतृत्व वाली एआईयूडीएफ ने एक सीट जीती है। असम विधानसभा चुनाव 2026 के लिए, जो काफी अहम माने जा रहे थे, 9 अप्रैल को एक ही चरण में वोटिंग हुई। इसमें 2.50 करोड़ से ज्यादा वोटरों में से 85.96 प्रतिशत लोगों ने वोट डालकर जबरदस्त उत्साह दिखाया। केरल में यूडीएफ ने 140 विधानसभा सीटों में से 89 सीटें जीतीं, एलडीएफ ने 35, एनडीए ने तीन सीटें जीतीं और 13 सीटें दूसरों के खाते में गईं।

# PPSC को मिला नया सदस्य, सुनील कपूर ने ली शपथ, गवर्नर गुलाब चंद कटारिया ने करवाई रस्म





लुधियाना/चंडीगढ़/यूटर्न/04 मई। गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में आयोजित एक सादे लेकिन गरिमामय समारोह में पंजाब पब्लिक सर्विस कमीशन (PPSC) के नव-नियुक्त गैर-आधिकारिक सदस्य सुनील कपूर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। गौरतलब है कि सुनील कपूर इससे पहले काउंसलर के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं और उन्हें प्रशासनिक



एवं जनसेवा का अच्छा अनुभव है।

इस अवसर पर पंजाब सरकार में कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा ढढरउ के चेयरमैन विनायक सैनी, पंजाब के मुख्य सचिव कप सिन्हा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी समारोह में भाग लिया और नव-नियुक्त सदस्य को बधाई दी।

शपथ ग्रहण के बाद वक्ताओं ने आशा जताई कि सुनील कपूर अपने अनुभव और कार्यकुशलता के बल पर आयोग की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनहितकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि PPSC राज्य में योग्य युवाओं को सरकारी सेवाओं में अवसर प्रदान करने वाली एक महत्वपूर्ण संस्था है। समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सुनील कपूर को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## ऑपरेशन सेफ्टी: बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर गिरी गाज; अप्रैल माह में काटे 4789 चालान, पिछले माह की तुलना में 164 फीसदी ज्यादा

पंचकूला/यूटर्न/04 मई। पंचकूला में सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों को सबक सिखाने के लिए जिला पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन सेफ्टी' के तहत एक सघन अभियान चलाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए पंचकूला पुलिस ने नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस अभियान के तहत विशेष रूप से उन दुपहिया वाहन चालकों पर शिकंजा कसा जा रहा है, जो बिना हेलमेट सड़कों पर उतरकर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालते हैं।

VOL: 11 | ISSUE 114 | TUESDAY 05-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# सराभा नगर मार्केट में करोड़ों की सरकारी जमीन का अंदरखाते कर डाला सौदा

# हल्का वेस्ट : राजनेताओं की शह पर बाहुबलियो ने खुलमखुला सरकारी जमीन पर बना डाली ऐशगाह, शातिरों ने प्रॉपर्टी टैक्स भर लगवाया UDI नंबर


राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/4 मई। लुधियाना नगर निगम में आए दिन ऐसे कारनामे देखने को मिलते हैं कि जिन्हें सुनकर एक बार तो हर कोई हैरान रह जाता है। ऐसा ही एक नया कारनामा निगम जोन-डी के अधीन आते वॉर्ड नंबर 55 का सामने आया है। जहां पर एक राजनेता ने निगम अधिकारियों से अंदरखाते सेटिंग करके करोड़ों रुपए की सरकारी जमीन का ही सौदा कर डाला। दरअसल, सराभा नगर स्थित दुर्गा माता मंदिर के एकदम सामने मौजूद सराभा नगर एक्सटेंशन मार्केट में राहगीरों के लिए पानी पिलाने के लिए निगम द्वारा जगह बनाई गई थी। लेकिन वहां पर कुछ बाहुबलियों राजनेताओं द्वारा अफसरों के साथ मिलकर पहले ऐशगाह बनाई गई। अब अंदरखाते उस जमीन का प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा दिया गया। यहीं नहीं उस पर यूआईडी नंबर भी लगा डाला। इस पूरे घोटाले के अंजाम देने के लिए सरकारी से प्राइवेट बनाई उक्त प्रॉपर्टी का मालिक साहिल दुग्गल उर्फ लक्की को बनाया गया है, जो कि पंजाब वाटर सप्लाई विभाग का मुलाजिम बताया जा रहा है। चर्चा है कि इस पूरे खेल में एक राजनेता किंगपिन है। हैरानी की बात तो यह है कि सरेआम सरकारी प्रॉपर्टी बेच दी गई, लेकिन वॉर्ड 55 से आम आदमी पार्टी की पार्षद अमृत वर्षा रामपाल को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। अब देखना होगा कि क्या मामले में मंत्री संजीव अरोड़ा क्या एक्शन लेते हैं। यूटर्न अखबार द्वारा पहले इस ऐशगाह का खुलासा भी किया था। जिसके बाद इसे बंद कर दिया था।



**जांच करवाई जाएगी...**एसिस्टेंट कमिश्नर जसदेव सिंह सेखों अनुसार वह सरकारी जमीन है। मुझे इसकी जानकारी नहीं थी। मंगलवार को इसकी जांच करवाई जाएगी।

## वाटर सप्लाई विभाग के मुलाजिम के नाम पर रजिस्टर्ड करवाई गई प्रॉपर्टी




सरकारी जमीन का भरवाया गया प्रॉपर्टी टैक्स



सरकारी जमीन पर बनी ऐशगाह

**राहगीरों के लिए शुरू की थी जल सेवा...**दुर्गा माता मंदिर के एकदम सामने कारपोरेशन की जमीन में उक्त कमरा बना है। वहां अकाली दल सरकार से भी पहले नेताओं द्वारा राहगीरों के जल सेवा शुरू की थी। कमरे में वॉटरकूलर रखा था। वहां हर आने जाने वाला व्यक्ति पानी पीकर निकलता था। गर्मियों के दिनों में यह आम जनता के लिए काफी फायदेमंद साबित होता था।

***बाहुबलियों ने बना डाली ऐशगाह...**अकाली दल सरकार जाने के बाद बाहुबलियों की नजर उक्त जल सेवा वाली जमीन पर पड़ी। जिसके बाद उन्होंने धीरे धीरे वहां पहले जल सेवा बंद की। जिसके बाद वहां डेंटिंग पेंटिंग यानि कि रंग रोगन करवाया और यहां तक कि सरकारी टाइलें भी लगा दी। फिर कमरे के अंदर बैड, एलसीडी, एसी समेत अन्य आधुनिक चीजें लगाकर आलीशान बना दिया गया। चर्चा है कि इस कमरे का इस्तेमाल ऐश के लिए हो रहा था। जहां प्राइवेट ताला लगता था और उसकी चाबी एक राजनेता के रिश्तेदार के पास होती है। यह सब किसी और के नहीं बल्कि आप सरकार के कार्यकाल में ही हुआ।*

**सरकारी मुलाजिम के नाम से भरा गया प्रॉपर्टी टैक्स...**सरकारी जमीन पर बनी ऐशगाह को पर्सनल प्रॉपर्टी बनाने के लिए कारपोरेशन अधिकारियों के साथ सांठगांठ करके पिछले दो साल का प्रॉपर्टी टैक्स भी जमा करवा दिया। यह प्रॉपर्टी टैक्स मॉडल टाउन सी ब्लॉक के साहिल दुग्गल उर्फ लक्की पुत्र अरुण कुमार के नाम से भरा। प्रॉपर्टी टैक्स में उक्त जमीन को प्राइवेट दिखाया। उसी के आधार पर यूआईडी नंबर इ020-00861 लगा दिया। यानि कि करोड़ों की सरकारी जमीन को अपनी बनाने के लिए हर लीगल डॉक्यूमेंट तैयार किया। उक्त साहिल दुग्गल पंजाब वाटर सप्लाई विभाग के लुधियाना ऑफिस में मुलाजिम बताया जा रहा है। चर्चा है कि वह कब्जाधारी राजनेता का रिश्तेदार है।

**सरकारी रिकॉर्ड में जो बूथ है ही नहीं, उसका लगा डाला नंबर...**नगर निगम के रिकॉर्ड मुताबिक कारपोरेशन बनने से लेकर आज 2026 तक सराभा नगर एक्सटेंशन मार्केट में सिर्फ 22 बूथ ही बनाए गए हैं। उसके आगे एक भी बूथ न बना और न ही बनेगा। हैरानी की बात यह है कि उक्त प्रॉपर्टी पर बूथ नंबर 23 लगाया गया है। रिकॉर्ड में जो चींज है ही नहीं उसका नंबर कैसे लग गया। जिससे शहर में चर्चा है कि चोरी भी समझदारी से करनी पड़ती है। लेकिन यहां बाहुबलियों ने चोरी नासमझी से की और पकड़े गए। इस पूरे खेल में टैक्स जमा करने और यूआईडी नंबर लगाने वाले अफसरों पर भी सवाल खड़े होते हैं।

**अफरसरों के बहाने समझ से परे...**वहीं चर्चा है कि इस मामले का खुलासा होने के बाद अब अफसर नए नए बहाने लगाने में जुटे हैं। जिसमें किसी द्वारा घर बैठकर ही प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा देने की बात कही जा रही है, तो किसी द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स की रसीद दिखाकर निगम मुलाजिमों को धोखे में रखकर यूआईडी नंबर लगाया गया है। जिससे शहर में चर्चा छिड़ गई है कि ऐसे में तो कोई भी व्यक्ति घर नगर निगम जोन-डी का प्रॉपर्टी टैक्स भर देगा तो क्या मुलाजिम निगम ऑफिस का यूआईडी नंबर व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड कर देगें।



**चार महीने से घर पर हूं...**पार्षद अमृत वर्षा रामपाल अनुसार उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। पैर में फैक्चर के कारण चार महीने से मैं बाहर नहीं निकल सकी। वहां पानी पिलाने का कार्य नहीं चल सका था। मैं अवैध कब्जे के कार्यों में न पड़ती हूं और न मुझे पता है।

सातवीं पुण्यतिथि



स्व. श्री सुदर्शन कुमार बेरी

आपका जीवन प्रेरणा है,
हमारे लिए साधना है।
हे परम पूजनीय,
आपको श्रद्धा सुमन के साथ नमन ।।

आज उनकी सातवीं पुण्यतिथि पर भगवान से प्रार्थना करते हैं कि वह दिवंगत आत्मा को शांति दें।

आपकी याद में हमेशा

BERRY FAMILY
ALL THE MANAGEMENT & STAFF
BERRY MARBLES PVT. LTD., Ludhiana
BERRY MARBLE INDUSTRIES PVT. LTD., Kishangarh
BERRY ESTATES & REALTORS PVT. LTD., Ludhiana
BHIM SAIN SUDERSHAN KUMAR, Ludhiana

# बंगाल और आसाम में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत पर देश भर के भाजपाइयों में जश्न का माहौल

## बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर योगेश्वर शर्मा ने सभी को शुभकामनाएं दी एवं बंगाल की जनता का धन्यवाद किया



पंचकूला/यूटर्न/04 मई। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश्वर शर्मा ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व जीत पर समस्त देशवासियों, विशेषकर पश्चिम बंगाल की जागरूक जनता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह विजय केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती, जनविश्वास और विकास की विचारधारा की जीत है।

योगेश्वर शर्मा ने कहा कि यह ऐतिहासिक जनादेश माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की रणनीतिक कुशलता तथा भाजपा के समर्पित एवं अथक परिश्रम करने वाले कार्यकर्ताओं के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सदैव ₹सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास₹ के मंत्र को अपनाते हुए देश के हर वर्ग तक विकास की किरण पहुंचाने का कार्य किया है, और बंगाल की जनता ने इसी विश्वास पर मुहर लगाई है।

## भाजपा की जीत पर जीरकपुर में जश्न, कार्यकर्ताओं ने किया भंगड़ा

### गुरदर्शन सिंह सैणी की अगुवाई में मनाई खुशी, आतिशबाजी कर बांटी मिठाई





जीरकपुर/यूटर्न/04 मई। पश्चिम बंगाल, असम सहित अन्य राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को मिले बड़े बहुमत और बढ़े वोट प्रतिशत की खुशी का असर डेराबस्सी हलके में भी देखने को मिला। सोमवार को जीरकपुर में भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार जश्न मनाया। डेराबस्सी हलके के वरिष्ठ भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैणी की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ता जीरकपुर में एकत्रित हुए। जैसे ही चुनाव परिणामों में भाजपा की जीत स्पष्ट हुई, कार्यकताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। ढोल की थाप पर कार्यकताओं ने भंगड़ा कर खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई। इस मौके पर गुरदर्शन सिंह सैणी ने कहा कि यह जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितकारी नीतियों और विकास के एजेंडे की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता ने विरोधी दलों के भ्रामक प्रचार को नकारते हुए भाजपा पर अपना भरोसा जताया है। सैणी ने कहा कि इस जीत का प्रभाव पंजाब की राजनीति पर भी पड़ेगा और आने वाले समय में राज्य में भाजपा की स्थिति और मजबूत होगी। उन्होंने दावा किया कि डेराबस्सी हलके के लोग अब पारंपरिक पार्टियों से ऊब चुके हैं और विकास के लिए भाजपा की ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस जीत ने पार्टी कार्यकताओं में नया जोश भर दिया है और कार्यकर्ता अब और अधिक मजबूती के साथ पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में जुटेंगे। इस अवसर पर जिला ओबीसी मोर्चा प्रधान हरप्रीत सिंह सैणी, हरदीप सिंह, पुष्पिंदर मेहता, मिंटा, नेहा शर्मा, गुरमीत टिवाणा, मंडल प्रधान बांसल, मनी, प्रदीप, अनुज अग्रवाल, सुधीर बत्तरा, आरके शर्मा, जेपी पराशर, अनिल शर्मा, विजय गोयल, सुनील बिग, प्रदीपपाल अमलाला, रिंकू जनैतपुर, भरतवाज, बलविंदर सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## चंडीगढ़ में गूंजा बंगाल विजय का जश्न, 35 सीटों पर जीत का संकल्प







जीरकपुर/यूटर्न/04 मई। भारतीय जनता पार्टी के चंडीगढ़ प्रदेश कार्यालय, कमलम सेक्टर-33 में पश्चिम बंगाल की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में भव्य जश्न मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू, पूर्व सांसद किरण खेर, संजय टंडन और अरुण सूद विशेष रूप से उपस्थित रहे। नेताओं ने इसे संगठन की मजबूती और कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम बताया। सौदान सिंह ने जोश भरते हुए कहा, 'अभी बंगाल जीता है, अब पंजाब की बारी है।' वहीं मल्होत्रा ने दिसंबर में नगर निगम की 35 की 35 सीटें जीतने का लक्ष्य दोहराया। कार्यक्रम में ढोल-नगाड़े, आतिशबाजी और मिठाइयों के साथ जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने 'झाल मुरी' बांटकर खुशी साझा की। 'भारत माता की जय' के नारों से माहौल गूंज उठा।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर जालंधर में बजे ढोल



भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ जशन मानते भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोरंजन कालिया।

सहगल

लुधियाना यूटर्न 4 मई। पश्चिम बंगाल के चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के बाद पंजाब में भी कई जगह भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने जमकर खुशी मनाएं इसी सिलसिले में जालंधर में ढोल नगाड़ों के साथ भाजपा के पंजाब के वरिष्ठ नेता मनोरंजन का लिया भाजपा के अन्य नेताओं के साथ भांगड़ा करते नजर आए यही आलम कई शहरों में बताया जाता है कई जगह पर भाजपा नेताओं ने हलवाइयों से पहले ही मिठाई की बुकिंग कर रखी थी दोपहर बाद से यह नजारा कई जगह पर नजर आया।

## लुधियाना में भाजपा की बंगाल-असम जीत का जश्न, कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई



लुधियाना/यूटर्न/04 मई। भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल और असम में शानदार जीत पर माधोपुरी मंडल में जश्न मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के मुकेश गौतम ने पंजाब भाजपा के कैशियर गुरदेव शर्मा देबि का मुँह मीठा करवाया। इस मौके पर सुषील जैन 'काला' व अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे और सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India


पेज 12 चंडीगढ़-मुंबई के बीच नई साझेदारी की पहल...

# 5000 रुपये रिश्वत लेते हुए ग्लाडा का सिक्योरिटी गार्ड विजीलेंस ब्यूरो ने रंगे हाथों पकड़ा

अशोक सहगल

चंडीगढ़/ लुधियाना, यूटर्न 4 मई। पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के दौरान लुधियाना के ग्लाडा दफ्तर में तैनात सिक्योरिटी गार्ड जसविंदर सिंह को 5000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी साझा करते हुए विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को गांव खासी कलां, जिला लुधियाना के एक निवासी द्वारा मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता गांव भामिया कलां, जिला लुधियाना में अपनी दुकान बना रहा था। इस संबंध में आरोपी सुरक्षा गार्ड उसकी निमार्णाधीन दुकान पर आया और उसे बताया कि यह निर्माण गैर-प्रमाणित है और उसे धमकी दी कि उसकी दुकान तोड़ दी जाएगी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी सुरक्षा गार्ड ने 12,000 रुपये रिश्वत मांगी और ली भी।




गलाड़ा कार्यालय में सिक्योरिटी में तेनाथ व्यक्ति को रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने के बाद विजिलेंस की टीम के साथ

जब आरोपी ने और 5000 रुपये की मांग की तो शिकायतकर्ता ने विजीलेंस ब्यूरो यूनिट लुधियाना से संपर्क किया। शिकायतकर्ता ने रिश्वत मांगने की पूरी बातचीत रिकॉर्ड कर ली थी। उसकी शिकायत पर प्रारंभिक जांच के बाद, विजीलेंस ब्यूरो की टीम ने दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में आरोपी सुरक्षा गार्ड को शिकायतकर्ता से 5000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इस मामले में विजीलेंस ब्यूरो के पुलिस स्टेशन लुधियाना में आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नगर परिषद ने रुकवाया अवैध निर्माण, बिना नक्शे बनाई जा रही दीवार गिराई

## नाभा गांव में गोदाम निर्माण पर कार्रवाई, अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर काम रोका







जीरकपुर/यूटर्न/04 मई। जीरकपुर के गांव नाभा में नगर परिषद ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिना नक्शा पास करवाए बनाई जा रही चारदीवारी को तोड़कर गिरा दिया और निर्माण कार्य को तुरंत प्रभाव से रुकवा दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, एक व्यक्ति ने अपनी जमीन पर गोदाम बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद से नक्शा पास करवाए बिना ही चारदीवारी खड़ी कर दी थी। मामले की शिकायत मिलने पर नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंची और निमार्णाधीन दीवार को गिरा दिया। इस दौरान अधिकारियों ने जमीन मालिक को सख्त निर्देश दिए कि भविष्य में बिना अनुमति कोई निर्माण कार्य किया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बताया जा रहा है कि जीरकपुर में अक्सर लोग सरकारी छुट्टियों के दौरान अवैध निर्माण को अंजाम देते हैं और रातोंरात ढांचे खड़े कर लेते हैं। इससे नगर परिषद को नक्शा फीस के रूप में करोड़ों रुपये का नुकसान होता है।

सूत्रों के अनुसार, पटियाला रोड स्थित गांव नाभा की जमीन की कीमत करोड़ों में है और यहां की लोकेशन बेहतर होने के कारण कई नामी कंपनियां गोदाम बनाकर स्टॉक रखने में रुचि दिखाती हैं। इसी कारण स्थानीय लोग भी अपनी जमीनों पर लोहे के शेड लगाकर गोदाम तैयार कर किराये पर देकर मोटी कमाई कर रहे हैं। हालांकि कई मामलों में नक्शा पास न करवाने के कारण सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है।

मामले में नगर परिषद को शनिवार को शिकायत मिली थी कि मिस्ट होम सोसाइटी से सटी जमीन पर बिना अनुमति गोदाम निर्माण शुरू कर दिया गया है। शिकायत के बाद इंस्पेक्टर अजय बराड़ की टीम मौके पर पहुंची और चारदीवारी को तोड़ दिया। साथ ही जमीन मालिक से लिखित में आश्वासन लिया गया कि भविष्य में किसी भी निर्माण से पहले आवश्यक अनुमति ली जाएगी।

वहीं, पास की सोसाइटी के निवासियों ने भी गोदाम निर्माण का विरोध किया। उनका कहना है कि यदि यहां गोदाम बनता है तो उनके घरों में हवा और रोशनी का प्रवाह प्रभावित होगा, जिससे रहने में दिक्कतें आएंगी।

# रिटायर्ड कर्नल के फ्लैट से 15 लाख रुपये चोरी, जीरकपुर में सनसनी

## लॉकर से नकदी गायब, परिवार के उड़े होश; पुलिस ने शुरू की जांच

जीरकपुर/यूटर्न/04 मई। जीरकपुर के पीआर-7 रोड स्थित अनंता लाइफ स्टाइल सोसाइटी में एक रिटायर्ड कर्नल के फ्लैट से 15 लाख रुपये नकद चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रिटायर्ड कर्नल बी.एम. तलवार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 फरवरी 2026 को उनके बेटे रुद्राक्ष और उसके दोस्तों ने मिलकर प्रॉपर्टी खरीदने के लिए करीब 15 लाख रुपये एकत्र किए थे। हालांकि किसी कारणवश प्रॉपर्टी की खरीद नहीं हो सकी। इसके बाद रुद्राक्ष ने यह रकम अपनी मां को सुरक्षित रखने के लिए दे दी थी। बताया गया कि कर्नल की पत्नी ने नकदी को घर के लॉकर में संभालकर रख दिया। 13 मार्च 2026 को जब बेटे को पैसों की जरूरत पड़ी और लॉकर खोला गया तो उसमें रखी पूरी राशि गायब थी। यह देखकर परिवार के होश उड़ गए।

पीड़ित परिवार ने पहले अपने स्तर पर पैसों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। कर्नल तलवार ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति या महिला ने फ्लैट में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(3) और 305 के तहत केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# श्री राम ग्लोबल स्कूल में तीन दिवसीय कब एंड बुलबुल कैंप



लुधियाना/यूटर्न/4 मई। लुधियाना के मलाकपुर स्थित श्री राम ग्लोबल स्कूल में तीन दिवसीय तृतीय चरण और चतुर्थ चरण कब एंड बुलबुल कैंप का सफल आयोजन किया गया। यह कैंप एसओसी (स्काउट्स) ओंकार सिंह और एसओसी (गाइड्स) नीता कश्यप के कुशल निर्देशन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन लुधियाना के डीओसी (कब एंड बुलबुल) नरेंद्र सिंह और जालंधर के डीओसी (कब एंड बुलबुल) बूटा राम द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका शर्मा की देखरेख में कैंप का आयोजन बेहद सुव्यवस्थित और सफल रहा। इस दौरान जसपाल सिंह (डीएचसी लुधियाना), स्कूल के कब मास्टर हरीश कुमार और बुलबुल इंचार्ज पुष्पा ने कैंप की गतिविधियों के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कैंप में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को कौशल विकास, अनुशासन, टीमवर्क और व्यक्तित्व निर्माण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। कैंप का समापन सफलतापूर्वक हुआ, जिससे विद्यार्थियों को न केवल नई सीख मिली बल्कि यादगार अनुभव भी प्राप्त हुए।

## खड्डों का काला साया: वार्ड 73 की सड़कें बन रही मौत का जाल

लुधियाना/यूटर्न/4 मई। शहर के दिल में बसे वार्ड 73 की सड़कें आजकल खड्डों के भंवर में डूब चुकी हैं। हर गली, हर मोड़ पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं, जो



न सिर्फ वाहनों को लील रहे हैं बल्कि पैदल राहगीरों की जान पर भी बन आए हैं। बारिश के बाद तो हालात और भी खराब हो गए है। जिससे स्थानीय निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा है। वार्ड 73 के सिराज होटल वाली गली, भारत नगर, अशोक नगर और सीता, हरपाल नगर जैसी मुख्य गलियों में हालत सबसे ज्यादा खराब है। एक किलोमीटर लंबी मुख्य सड़क पर औसतन 20-25 बड़े गड्ढे मिल जाएंगे, बाइक सवारों को तो रोजाना गिरना पड़ रहा है, जबकि कार चालकों को रफ्तार घटाकर चलना पड़ता है। स्थानीय निवासियों ने दर्द बयां किया गड्ढों से डर लगता है। पिछले हफ्ते हुई झमाझम बारिश ने सड़कों को चूर-चूर कर दिया। पहले से ही जर्जर सड़कों पर पानी भर गया, जिससे मिट्टी धंसने लगी। एक सर्वे में पाया गया कि वार्ड की 70 फीसदी सड़कें अब उपयोग के लायक नहीं।

# राजेशइंदर सिंह सिद्धू बने पंजाब कांग्रेस SC सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष; कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/4/मई। कांग्रेस पार्टी ने संगठन में फेरबदल और मजबूती लाते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और प्रख्यात समाजसेवी राजेशइंदर सिंह सिद्धू को पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के रउ सेल का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

यह नियुक्ति ए.आई.सी.सी (SC सेल) के राष्ट्रीय चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम द्वारा जारी सूची के आधार पर, पंजाब चेयरमैन गुरप्रीत सिंह लकी पक्खो के निर्देशानुसार की गई है। सिद्धू की नियुक्ति की खबर मिलते ही जगरांव और आसपास के क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और दलित समाज में खुशी की लहर दौड़ गई।

**पार्टी के प्रति निष्ठा का मिला फल:**-राजेशइंदर सिंह सिद्धू लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित रहे हैं। खासकर दलित समुदाय के अधिकारों और समाज कल्याण के कार्यों में उनकी सक्रियता को देखते हुए हाईकमान ने उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से नवाजा है।

**सिद्धू का संकल्प:** 'समुदाय की आवाज को दबने नहीं दूंगा'





अपनी नियुक्ति के बाद राजेशइंदर सिंह सिद्धू ने राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा:

'पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उसे पूरी ईमानदारी और कर्मठता से निभाऊंगा। रउ समाज की समस्याओं को प्रमुखता से सरकार के समक्ष उठाना और उनका समाधान करवाना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। हम जमीन स्तर पर कांग्रेस को और अधिक मजबूत करेंगे।'

**एक नजर में पद नाम**

नवनियुक्त उपाध्यक्ष (SC सेल) राजेशइंदर सिंह सिद्धू

राष्ट्रीय चेयरमैन (SC सेल) राजेंद्र पाल गौतम

पंजाब प्रदेश चेयरमैन गुरप्रीत सिंह लकी पक्खो प्रभाव क्षेत्र जगरांव एवं समस्त पंजाब

**नेताओं ने दी बधाई**

इस अवसर पर जगरांव के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और रउ भाईचारे के प्रतिनिधियों ने सिद्धू को बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि सिद्धू के नेतृत्व में एससी सेल न केवल संगठित होगा, बल्कि समाज के शोषित वर्ग को उनका हक दिलाने के लिए एक नई ताकत के साथ काम करेगा।

कार्यकताओं ने कहा कि सिद्धू हमेशा से हक की लड़ाई लड़ते आए हैं और अब संवैधानिक पद मिलने से इस संघर्ष को और मजबूती मिलेगी।

## रूह से रूबरू







चारू नागपाल

### महंगाई की मार जनता बेहाल

महँगाई है कि कभी घटती ही नहीं।
महंगाई यानी कीमतों का लगातार बढ़ना आज हर आम आदमी के जीवन का हिस्सा बन चुकी है। अक्सर लोगों के मन में यह सवाल उठता है कि महंगाई हमेशा बढ़ती ही क्यों है, कभी घटती क्यों नहीं। इसके पीछे कई आर्थिक और सामाजिक कारण होते हैं। सबसे पहला कारण है मांग और आपूर्ति का असंतुलन। जब किसी वस्तु की मांग अधिक होती है और आपूर्ति कम, तो उसकी कीमत बढ़ जाती है। इसके अलावा, उत्पादन लागत में वृद्धि भी महंगाई को बढ़ाती है। जैसे कच्चे माल, बिजली, पेट्रोल-डीजल और मजदूरी की लागत बढ़ने से वस्तुओं की कीमतें अपने आप बढ़ जाती हैं। दूसरा बड़ा कारण है जनसंख्या वृद्धि। अधिक जनसंख्या का मतलब अधिक मांग, जिससे कीमतों पर दबाव पड़ता है। साथ ही, सरकार द्वारा टैक्स बढ़ाना या मुद्रा का अधिक प्रचलन भी महंगाई को बढ़ावा देता है। महंगाई कभी-कभी घटती भी है, लेकिन यह स्थिति अस्थायी होती है और अक्सर आर्थिक मंदी के समय आती है, जब लोगों की खरीदने की क्षमता कम हो जाती है। ऐसी स्थिति में कीमतें थोड़ी कम हो सकती हैं, लेकिन स्थायी रूप से गिरना मुश्किल होता है। इसलिए, महंगाई का बढ़ना एक जटिल प्रक्रिया है, जिसे पूरी तरह नियंत्रित करना आसान नहीं है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Ex-Parte Divorce क्या होता है?**

तलाक के मामलों में कई बार ऐसा होता है कि एक पक्ष अदालत की कार्यवाही में शामिल नहीं होता। ऐसी स्थिति में "Ex-Parte Divorce" का प्रश्न उठता है। Ex-Parte का अर्थ है—एक पक्ष की अनुपस्थिति में कार्यवाही का आगे बढ़ना। यदि एक पक्ष को अदालत द्वारा विधिवत नोटिस भेजा गया है, लेकिन वह फिर भी उपस्थित नहीं होता, तो अदालत दूसरे पक्ष की बात सुनकर एकतरफा निर्णय दे सकती है।



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

इसका मतलब यह नहीं है कि बिना सूचना के तलाक मिल जाएगा। अदालत पहले यह सुनिश्चित करती है कि अनुपस्थित पक्ष को सही तरीके से नोटिस मिला था या नहीं।

यदि नोटिस के बावजूद कोई व्यक्ति जानबूझकर कोर्ट में उपस्थित नहीं होता, तो मामला Ex-Parte आगे बढ़ सकता है और अंत में तलाक का आदेश भी दिया जा सकता है। हालांकि, जिस पक्ष के खिलाफ Ex-Parte आदेश पास हुआ है, उसके पास इसे चुनौती देने का अधिकार होता है। वह अदालत में आवेदन देकर यह साबित कर सकता है कि वह उचित कारण से उपस्थित नहीं हो पाया था। कई लोग यह समझते हैं कि कोर्ट में न जाने से केस अपने आप खत्म हो जाएगा, जबकि वास्तविकता में ऐसा करने से उनके खिलाफ Ex-Parte आदेश पारित हो सकता है।

निष्कर्ष : Ex-Parte Divorce तब होता है जब एक पक्ष की अनुपस्थिति में अदालत निर्णय देती है। अदालत की प्रक्रिया को नजरअंदाज करना नुकसानदायक हो सकता है, इसलिए समय पर उपस्थित होना आवश्यक है।

# सिंघपुरा चौक पर 20 दिन से बंद ट्रैफिक लाइटें, रोज लग रहा जाम

## व्यस्त चौराहे पर बढ़ा हादसों का खतरा, लोगों में रोष

जीरकपुर/यूटर्न/04 मई। अंबाला-चंडीगढ़ फ्लाईओवर के नीचे स्थित सिंघपुरा चौक पर पिछले करीब 20 दिनों से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में शामिल इस स्थान पर ट्रैफिक लाइटें बंद होने के कारण रोजाना हजारों वाहन चालक जाम में फंस रहे हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह चौक पटियाला चौक के बाद शहर का दूसरा सबसे व्यस्त चौराहा माना जाता है। यहां से हर दिन हरियाणा और पंजाब रोडवेज की बसों के अलावा ट्रक, निजी वाहन, ऑटो और दोपहिया वाहन बड़ी संख्या में गुजरते हैं। चंडीगढ़ से दिल्ली को जोड़ने वाले इस प्रमुख मार्ग पर बाहरी राज्यों से आने-जाने वाले वाहनों की भी भारी आवाजाही रहती है, जिससे यातायात का दबाव लगातार बना रहता है।



### सड़क पर गड्ढे और ड्रम बने खतरा

सिंघपुरा चौक पर बीच सड़क में खुदाई होने के कारण गहरे गड्ढे बन गए हैं। हादसों की रोकथाम के लिए लगाए गए नीले ड्रम और सीमेंट के सरदल ही अब दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। फ्लाईओवर के नीचे रखी ये बाधाएं जाम को और बढ़ा रही हैं।

### अधिकारियों का आश्वासन

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी परविंदर सिंह भट्टी ने कहा कि सिंघपुरा चौक की ट्रैफिक लाइटों को जल्द ठीक कर चालू कर दिया जाएगा, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि पिछले 20 दिनों से ट्रैफिक लाइटें पूरी तरह बंद पड़ी हैं। इससे पहले भी लाइटें नियमित रूप से काम नहीं कर रही थीं—कभी एक दिन चलतीं तो दो दिन बंद रहती थीं। इस लापरवाही के कारण चौराहे पर अव्यवस्था बनी रहती है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। लोगों का आरोप है कि नगर परिषद को कई बार शिकायत देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। वहीं, ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी भी बेहद कम है, जिसके कारण रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों की संख्या बढ़ गई है और जाम की स्थिति और बिगड़ रही है। पूर्व वार्ड पार्षद नेहा शर्मा ने कहा कि नगर परिषद आम जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने बताया कि आए दिन यहां छोटे-मोटे हादसे होते रहते हैं। हाल ही में स्कूटी सवार दो महिलाएं बाइक से टकराकर घायल हो गईं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ढकोली निवासी कुलभूषण शर्मा ने भी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं होने से हालात और खराब हो रहे हैं।

# फॉर्च्यून टीएमटी ने आर्किटेक्ट्स के साथ मिलकर रचा मजबूत भविष्य का संकल्प





लुधियाना/यूटर्न/4 मई। फॉर्च्यून टीएमटी द्वारा आयोजित आर्किटेक्ट्स एवं स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स मीट अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रही। जिसमें क्षेत्र के प्रमुख आर्किटेक्ट्स और विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसे फॉर्च्यून टीएमटी के चेयरमैन भगवांन दास बंसल, आर्किटेक्ट अर्जुनदीप शर्मा प्रेसिडेंट, लुधियाना आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन तथा आर्किटेक्ट बलबीर कुमार बग्गा चेयरमैन, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स, लुधियाना सेंटर द्वारा सम्पन्न किया गया। इसके पश्चात दीपक भाटिया जनरल मैनेजर, फॉर्च्यून टीएमटी ने कंपनी की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और नवाचारों पर प्रकाश डाला तथा फॉर्च्यून प्लस के लॉन्च की जानकारी दी। वर्तमान समय में पंजाब के कई क्षेत्र सीस्मिक जोन 5 में आने के कारण, सुरक्षित एवं मजबूत निर्माण सामग्री की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए फॉर्च्यून प्लस टीएमसी बार को अधिक ताकत, बेहतर लचीलापन और भूकंप-रोधी क्षमता के साथ प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर अर्जुनदीप शर्मा जी और बलबीर कुमार बग्गा जी ने भी फॉर्च्यून प्लस की उपयोगिता एवं आधुनिक निर्माण में इसकी अहम भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान एक खुला संवाद एवं प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। फॉर्च्यून टीएमटी ने सभी आर्किटेक्ट्स एवं स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स का स्वागत किया गया।

# गंदगी से परेशान मॉडल टाउन एक्सटेंशन के लोगों ने पवन दीवान को बताईं समस्याएं

## साहिर लुधियानवी के लिए स्मारक बनाने हेतु आवंटित जगह बनी कूड़े का ढेर



लुधियाना/यूटर्न/04 मई। जिला कांग्रेस कमेटी लुधियाना शहरी के पूर्व अध्यक्ष और पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड के पूर्व चेयरमैन पवन दीवान ने मॉडल टाउन एक्सटेंशन के लोगों से मुलाकात कर इलाके की समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान लोग इलाके में सफाई सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर परेशान नजर आए। दीवान ने कहा कि लोगों ने उन्हें बताया है कि इलाके में सफाई व्यवस्था की हालत बेहद खराब है। यहां तक कि मशहूर लेखक साहिर लुधियानवी के लिए स्मारक बनाने हेतु सरकार द्वारा आवंटित जगह कूड़े का ढेर बन चुकी है।

लोग उस स्थान पर कचरा फेंक देते हैं और सफाई न होने के कारण वहां से बदबू आती है तथा बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। इसी तरह कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर भी लोगों ने चिंता जताई। दीवान ने अफसोस जताया कि इलाके के स्थानीय निकाय मंत्री ही यहां के विधायक भी हैं, फिर भी यहां बुनियादी सुविधाओं का बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को दावे करने के बजाय जमीनी स्तर पर काम करना चाहिए। इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा निर्भय सिंह, हरजीत सिंह, गुरमीत सिंह, मनजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, शमशेर सिंह, बलजीत सिंह और सतवंत सिंह भी मौजूद रहे।

# विक्रम मजीठिया को फिर मिली जान से मारने की धमकी



सहगल

लुधियाना यूटर्न 4 मई। पंजाब की सियासत में एक बार फिर सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री विक्रम सिंह मजीठिया को एक बार फिर विदेशी नंबर से जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी अंतरराष्ट्रीय नंबर से व्हाट्सऐप के जरिए भेजी गई है, जिसका संबंध पहले मिली धमकियों से जोड़ा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, इस संदेश में एक बेहद खौफनाक चेतावनी दी गई थी उन पर जल्द ही कोई हमला हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, यह कोई अलग-थलग घटना नहीं है, बल्कि पहले भी इसी नंबर से कई बार धमकी भरे संदेश भेजे जा चुके हैं। ऐसे में जांच एजेंसियां अब इसे किसी संगठित नेटवर्क या सुनियोजित साजिश के तौर पर भी देख रही हैं। मामले की सूचना मिलते ही साइबर सेल ने जांच तेज कर दी है। अधिकारी अब यह पता लगाने में जुटे हैं कि क्या यह नंबर किसी बड़े नेटवर्क से जुड़ा है या फिर किसी खास मकसद से एक ही सोर्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब मजीठिया को इस तरह निशाना बनाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, पहले मिली धमकियां भी इसी संदिग्ध विदेशी नंबर से जुड़ी हुई थीं, जिससे यह मामला और अधिक चिंताजनक बन गया है।

# आप विधायक और गैंगस्टर में फोन पर हुई बहस, आढ़ती को फिरौती की कॉल करने पर हुआ विवाद

लुधियाना/यूटर्न/4 मई। लुधियाना के पायल से आम आदमी पार्टी के विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा और गैंगस्टर डोनी बल की फोन पर बहस हो गई। इस दौरान ग्यासपुरा ने गैंगस्टर को चेतावनी दी तो आगे से गैंगस्टर ने धमकी दे डाली। दरअसल, आढ़ती




एसोसिएशन के प्रधान अविनाशप्रीत जल्ला को कॉल कर गैंगस्टर ने धमकाया तो ग्यासपुरा ने फोन लेकर कहा- तेरे जैसे कई देखे हैं, बाहर बैठकर नौजवानों को हथियार पकड़ा रहे हो। इस पर गैंगस्टर बोला कि तुझे सरेआम मारकर वीडियो डालूंगा, पहले जल्ला और फिर नंबर तेरा है। जिस पर विधायक ने जवाब दिया- पहले मुझे मार, फिर जल्ले को देखना। विधायक और गैंगस्टर के बीच बहस का 15 मिनट का वीडियो सामने आया है।

## लगातार मिल रही धमकियां, डीजीपी को दी शिकायत

हाल ही में गैंगस्टर ने विदेशी नंबर से कॉल कर विधायक को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद पायल में विधायक के करीबी की दुकान पर फायरिंग की। डोनी के गुर्गों ने अब दो तीन दिन पहले टछअ ग्यासपुरा की मीडिया टीम के सदस्य को राणो पुल पर घेरा और उसे जान से मारने की धमकी दी। डोली बल के गुर्गों ने उसे कहा कि तुम विधायक से जुड़े हो अपना हिसाब चुकता कर लो। लगातार मिल रही धमकियों के बाद टछअ ग्यासपुरा ने अब पंजाब के डीजीपी गौरव यादव को इस संबंध में पत्र लिखा है और कुछ मांगें की हैं। जिसमें खुद की और अपने सहयोगियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

# जमीन के नीचे सुलगते प्लास्टिक कचरे ने ली गर्भवती भैंस की जान




डेराबस्सी/यूटर्न/04 मई। डेराबस्सी के नजदीकी गांव सुंडरा में एक औद्योगिक इकाई की कथित लापरवाही के चलते हुए दर्दनाक हादसे ने मानवता और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गांव की साझा जमीन में दबाए गए प्लास्टिक और ज्वलनशील कचरे में लगी आग की चपेट में आने से एक 8 महीने की गर्भवती भैंस की जिंदा जलकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, पीड़ित जीवाराम के पुत्र रजनीश कुमार ने बताया कि गांव की साझा जमीन का कुछ हिस्सा एक निजी फैक्टरी को लीज पर दिया गया है। आरोप है कि फैक्टरी प्रबंधन ने पर्यावरण नियमों की अनदेखी करते हुए प्लास्टिक और अन्य ज्वलनशील कचरे को जमीन के नीचे दबा रखा था, जो पिछले 20-25 दिनों से अंदर ही अंदर सुलग रहा था।

घटना उस समय हुई जब जीवाराम अपनी भैंसों को चराने के लिए उक्त स्थान से गुजर रहा था। अचानक जमीन के नीचे से आग की लपटें निकलने लगीं और भैंसों के पैर तपती जमीन में धंस गए। शोर मचने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और एक भैंस को तो किसी तरह बचा लिया, लेकिन दूसरी भैंस आग की चपेट में आकर मौके पर ही मर गई। भैंस को बचाने के प्रयास में परिवार के दो सदस्य—सेवक और हरमीत—भी बुरी तरह झुलस गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद गांव में भारी रोष है। ग्रामीणों ने फैक्टरी प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस खतरनाक कचरे को हटाया जाता तो यह हादसा टल सकता था।

# फर्जी सीबीआई और पुलिस अधिकारी बनकर बुजुर्ग को किया डिजिटल अरेस्ट, दूसरा आरोपी हैदराबाद से गिरफ्तार

## फर्जी कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम पर बैंक खाते खुलवाकर फ्रॉड की राशि को खपाने की रची थी साजिश, न्यायिक हिरासत भेजा

पंचकूला/यूटर्न/04 मई। पंचकूला पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए डिजिटल अरेस्ट के जरिए फ्रॉड करने वाले गिरोह के एक सदस्य को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पाथुकर मुरली कृष्ण, निवासी हैदराबाद के रूप में हुई है, जिसने फर्जी कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम पर बैंक खाते खुलवाकर ठगी की राशि को खपाने का काम किया था। इस मामले में एक आरोपी सौरभ कुमार वासी जिला मैनपुरी, उत्तरप्रदेश को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जिससे पूछताछ में कई अहम सुराग मिले थे। पिंजौर निवासी 70 वर्षीय रिटायर्ड सुपरवाइजर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि साइबर



ठगों ने टीआरएआई, सीबीआई और महाराष्ट्र पुलिस का फर्जी अधिकारी बनकर फोन किया। ठगों ने पीड़ित को डराया कि उनके आधार कार्ड से जुड़े एक सिम कार्ड के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग और भारी वित्तीय धोखाधड़ी की गई है। खुद को कानूनी पचड़े से बचाने और बैंक खातों की जांच कराने के नाम पर ठगों ने पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट कर लिया और डरा-धमकाकर अलग-अलग किस्तों में कुल 80,09,500 रुपये अपने बताए हुए खातों में ट्रांसफर करवा लिए।

> सरकारी एजेंसी या पुलिस कभी भी व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट नहीं करती, संदिग्ध कॉल की तुरंत 1930 पर सूचना दें: डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक

# जाति जनगणना फॉर्म में अपमानजनक शब्दों के इस्तेमाल पर बवाल

## पंजाब सरकार के खिलाफ जगरांव में फूटा गुस्सा, SC/ST एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/4/मई। पंजाब सरकार द्वारा जाति आधारित जनगणना के लिए तैयार किए गए प्रोफार्मा (परफार्मे) में कथित तौर पर अपमानजनक शब्दावली के इस्तेमाल ने एक बड़े विवाद का रूप ले लिया है। इस मुद्दे को लेकर वाल्मीकि और मजहबी सिख समुदाय में गहरा रोष व्याप्त है। सोमवार को जगरांव में पंजाब सरकार के विरुद्ध जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया और दोषी



अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। प्रमुख घटनाक्रम और विरोध प्रदर्शन:-सेंट्रल वाल्मीकि सभा इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष गेजा राम वाल्मीकि के नेतृत्व में भारी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। इस रोष प्रदर्शन में सफाई सेवक यूनियन जगरांव और शहर के विभिन्न गणमान्य नेताओं ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस कृत्य को संवैधानिक मूल्यों का अपमान बताया।

# अंतर्राष्ट्रीय अग्निशामक दिवस पर छात्रों को मिला अग्नि सुरक्षा का व्यावहारिक प्रशिक्षण

## फायर स्टेशन दौरे में छात्रों ने सीखे आपदा प्रबंधन और बचाव के गुर

डेराबस्सी/यूटर्न/04 मई। अंतर्राष्ट्रीय अग्निशामक दिवस के अवसर पर डेराबस्सी स्थित श्री सुखमनी इंटरनेशनल विद्यालय के छात्रों ने अनुभवात्मक शिक्षण पहल के तहत स्थानीय अग्निशमन केंद्र का दौरा किया। इस दौरान विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की प्रत्यक्ष जानकारी दी गई, जिससे उनका ज्ञान और जागरूकता दोनों बढ़े।

दौरे के दौरान अग्निशमन अधिकारियों ने छात्रों को आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले जरूरी सुरक्षा उपायों और बचाव तकनीकों का लाइव प्रदर्शन



कर दिखाया। छात्रों ने अग्निशमन उपकरणों के उपयोग, आग बुझाने के तरीकों और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने के बारे में व्यावहारिक ज्ञान हासिल किया। अधिकारियों ने आपदा प्रबंधन के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी और बताया कि सही समय पर उठाए गए कदम किसी भी बड़ी दुर्घटना को टाल सकते हैं। यह संवादात्मक सत्र छात्रों के लिए बेहद ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों में अग्निशामकों के साहस, समर्पण और निस्वार्थ सेवा के प्रति गहरा सम्मान देखने को मिला। साथ ही, इस अनुभव ने उनमें सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और आपात स्थितियों के लिए तैयार रहने की भावना को भी मजबूत किया। विद्यालय प्रबंधन ने भी इस पहल की सराहना की। संस्थान के अध्यक्ष कंवलजीत सिंह, निदेशक दमनजीत सिंह, निदेशक श्रीमती कंवलजीत कौर और प्रधानाचार्य डॉ. पूनम ने कहा कि इस प्रकार के अनुभवात्मक कार्यक्रम छात्रों में न केवल जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करते हैं। विद्यालय की ओर से डेराबस्सी अग्निशमन विभाग का सहयोग और मार्गदर्शन देने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# चंडीगढ़ की 'क्राउन ज्वेल' ई.आर. ऐश्वर्या की नजर राष्ट्रीय खिताब पर, मिस ग्रैंड इंडिया 2026 के लिए दिल्ली रवाना

चंडीगढ़/यूटर्न/04 मई। राष्ट्रीय ताज की ओर सफर अब आधिकारिक रूप से शुरू हो चुका है। मिस ग्रैंड चंडीगढ़ 2026 ई.आर. ऐश्वर्या, बहुप्रतीक्षित मिस ग्रैंड इंडिया 2026 जो कि 12 मई को आयोजित होगा में शहर का प्रतिनिधित्व करने के लिए चंडीगढ़ से दिल्ली रवाना हो गई हैं। चंडीगढ़ की शान, ताकत और जज्बे को साथ लेकर ऐश्वर्या आत्मविश्वास और स्पष्ट उद्देश्य के साथ इस नए पड़ाव में कदम रख रही हैं। अब तक की उनकी यात्रा समर्पण, अनुशासन और मजबूत व्यक्तित्व से परिभाषित रही है—ऐसी खूबियां जो उन्हें राष्ट्रीय मंच पर एक सशक्त दावेदार बनाती हैं। यह अहम मुकाम अक्षिता अरोड़ा के निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन से संभव हुआ है, जिनकी दूरदृष्टि उभरती प्रतिभाओं को निखारने और नए टाइटलहोल्डर्स को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। दिल्ली के लिए रवाना होते हुए ऐश्वर्या अपने साथ सिर्फ एक खिताब ही नहीं, बल्कि पूरे शहर की उम्मीदें और गर्व भी लेकर जा रही हैं। मिस ग्रैंड इंडिया 2026 में उनकी भागीदारी उत्कृष्टता के प्रति उनके समर्पण और एक सार्थक पहचान बनाने के उनके संकल्प को दर्शाती है। अब जब सबकी निगाहें दिल्ली पर टिकी हैं, मिस ग्रैंड चंडीगढ़ 2026 की यह यात्रा जुनून, संघर्ष और उद्देश्य से भरपूर रहने का वादा करती है।



# एमडीसी हिट एंड रन मामला: महिलाओं और बच्चों को कुचलने वाला आरोपी चालक को डिटेक्टिव स्टाफ ने किया काबू, पुलिस ने बरामद की बोलेरो कार





अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/04 मई। पंचकूला के एमडीसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रोड भवन के समीप हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना के मामले को सुलझाते हुए पंचकूला पुलिस की डिटेक्टिव स्टाफ टीम ने आरोपी चालक को काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की है। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई है, जबकि बच्चों सहित कई अन्य लोग घायल हुए थे। पकड़े गए आरोपी ने न केवल लापरवाही से गाड़ी चलाकर निर्दोष लोगों को टक्कर मारी, बल्कि पुलिस को चकमा देने के लिए अपनी गाड़ी के क्षतिग्रस्त हिस्सों को बदलकर सबूत मिटाने की कोशिश भी की थी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर दुर्घटना में शामिल सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी बरामद कर ली है। 1 मई की रात करीब 9:35 बजे, रोशनी नामक युवती अपने परिवार और पड़ोसियों के साथ मनसा देवी मार्केट से लौट रही थी। जब वे रोड भवन के पास अपनी साइड पर चल रहे थे, तभी पीछे से आई एक तेज रफ्तार सफेद बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रोशनी व उसकी माता मीना, शिवानी, हितेंद्र, धनवंती और नन्ही अर्चना गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया।

# भाजपा नेताओं के बोल... बंगाल के बाद अब बीजेपी पंजाब जीतने की करेगी तैयारी

अशोक सहगल

लुधियाना यूटर्न 4 मई। पश्चिम बंगाल में चुनाव जीतने के बाद भाजपा पंजाब में चुनाव जीतने की तैयारी करेगी पश्चिम बंगाल में जीत के बाद भाजपा के पंजाब के नेताओं में भारी उत्साह पाया जा रहा है केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का कहना है कि पंजाब में भी बंगाल की तरह लोग भाजपा के पक्ष में वोट करेंगे पार्टी में भी लोग पश्चिम बंगाल के चुनाव निपट जाने का इंतजार कर रहे थे कब वह समय आ गया कि पंजाब पर फोकस किया जा सके उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान अभी भी पुराने चुटकुले और कहावतो में फंसे पड़े हैं।



## भाजपा की परियोजनाएं पंजाब में भी लागू



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कहना है कि हरियाणा की तरह भाजपा द्वारा लागू की गई कई योजनाएं पंजाब में भी चलाई जा रहे हैं जो लोगों के फायदे के लिए हैं जिसका आने वाले चुनाव में भाजपा को लाभ होगा उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के लोगों का शोषण किया। आज बंगाल आजाद हो गया है। प्रधानमंत्री की नितियों के कारण बंगाल बच गया है। बंगाल के बाद पंजाब की बारी है। मोदी जी ने कई योजनाएं लागू कर रखी हैं जो लोगों की भलाई के लिए हैं।

## वोट बैंक पर कर रही है पकड़ भाजपा

*पश्चिम बंगाल में नतीजे आने के बाद भाजपा के लिए पंजाब पर ध्यान देना ही शेष रह गया है भाजपा के नेताओं का कहना है कि इसे पॉजिटिव इफेक्ट आया है कि अगर बंगाल में भाजपा आराम से चुनाव जीत सकती है तो पंजाब में भी यह काम संभव नहीं है इसके लिए कई महीने पहले से ही काम शुरू हो चुका है डेरा फैक्टर को अपने पक्ष में करने के लिए गोटिया बिठाई जा रही है। इसमें डेरा बल्लां हो या ब्सास व डेरा सच्चा सौदा, तीनों जगह भाजपा संपर्क में है। हालांकि, इसका वोट बैंक पर कितना असर होता है, यह कभी सामने नहीं आता, लेकिन इनका समर्थन चुनाव पर काफी गहरा असर डालता है।*

## पंजाब में बीजेपी आएगी आक्रामक भूमिका में

BJP बंगाल में चुनाव जीतने के बाद पंजाब में फाइट मोड में आएगी। वह पंजाब को भी हर हाल में जीतने की कोशिश करेगी। भाजपा दोआबा में ज्यादा जोर लगाएगी। शहरी सीटों से गेम बदलेगी। इसका सीधा नुकसान अअढ को होगा। भाजपा नेताओं का कहना है कि आम आदमी पार्टी पंजाब में बदल खोरी की भावना से कम कर रही है विकास के नाम पर लोग अभी भी आम आदमी पार्टी के नेताओं का मुंह देख रहे हैं भ्रष्टाचार चरम सीमा पर हैं नायब सैनी सोमवार को निकाय चुनाव को लेकर सोनीपत के राई में उन्होंने भाजपा के मेयर कैंडिडेट राजीव जैन और वार्ड उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। नायब सैनी ने यह भी कहा- पंजाब में आम आदमी पार्टी ने घोषणा की थी कि महिलाओं को एक हजार रुपए हर महीने देंगे। वहां के मुख्यमंत्री सुबह वादा कर शाम को भूल जाते हैं ।

# प्रशासक के तौर पर SDM की 'सुस्त' शुरूआतः शहर की समस्याओं पर ठोस योजना के बजाय गोल-मोल जवाबों का सहारा

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/4/मई। नगर परिषद जगरांव के पार्षदों और अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद शहर की कमान संभालने वाली स्थानीय रउ्ट मैडम उपिंदरजीत कौर बराड़ की पहली पारी उम्मीदों से उलट निराशाजनक नजर आ रही है। आज जब उन्होंने नगर परिषद का प्रशासनिक कार्यभार संभाला, तो जनता को उम्मीद थी कि लंबे समय से लंबित समस्याओं पर कोई ठोस 'एक्शन प्लान' सामने आएगा, लेकिन मीडिया के तीखे सवालों के सामने मैडम प्रशासक पूरी तरह से असहज और 'बैकफुट' पर दिखाई दीं।



## जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ता अंदाजः मैं अकेली क्या कर सकती हूँ ?

शहर की नारकीय बन चुकी सीवरेज व्यवस्था, सड़कों पर कूड़े के अंबार और बेकाबू ट्रैफिक जैसे गंभीर मुद्दों पर जब रउ्ट से जवाब मांगा गया, तो उन्होंने किसी कड़े प्रशासनिक तेवर के बजाय बेहद ही साधारण और टालने वाला लहजा अपनाया। उनके बयान में भविष्य की कोई ठोस रूपरेखा नहीं दिखी, बल्कि उन्होंने ₹काम धीरे-धीरे होंगे₹ और ₹स्टाफ के साथ होंगे₹ जैसे जुमले कहकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की कोशिश की। उनके मुख से निकले ये शब्द 'मैं अकेली तो कुछ नहीं कर सकती 'प्रशासनिक अक्षमता और आत्मविश्वास की कमी को साफ बयां कर रहे हैं।

## पहले ही दिन अधिकारियों की 'लापरवाही' को दिया संरक्षण

SDM के औचक निरीक्षण के दौरान कार्यकारी अधिकारी (EO) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का कार्यालय से नदारद होना पंजाब सरकार के 'समय की पाबंदी' के दावों की पोल खोलता है। हैरानी की बात यह रही कि अनुशासन का डंडा चलाने के बजाय SDM मैडम इन लापरवाह अधिकारियों का बचाव करती नजर आईं। अधिकारियों की अनुपस्थिति को किसी और मीटिंग में व्यस्तता₹ का बहाना बनाकर उन्होंने साफ कर दिया कि उनके कार्यकाल में कामचोर अधिकारियों के हौसले पस्त होने के बजाय बुलंद रहने वाले हैं। विवादों पर चुप्पी और गोल-मोल जवाब :-जब मीडिया ने नगर परिषद के पिछले विवादों और भ्रष्टाचार के आरोपों पर उनकी राय जाननी चाही, तो उन्होंने शालीनता का चोला ओढ़कर जवाबों को गोल-मोल घुमाना ही बेहतर समझा। जनता अब यह सवाल पूछ रही है कि यदि प्रशासक ही समस्याओं को हल करने के बजाय उन्हें ₹समय और स्टाफ₹ पर छोड़ देगा, तो जगरांव की जनता को नरक जैसी जिंदगी से निजात कब मिलेगी?

***निष्कर्ष*** *: पदभार संभालते ही SDM के ढुलमुल रवैये ने शहरवासियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। जिस प्रशासनिक सुधार₹ का दावा किया जा रहा था, वह पहले ही दिन फाइलों और खोखले आश्वासनों में दबता नजर आया। अब देखना यह होगा कि क्या वाकई शहर का विकास होगा या फिर 'प्रशासक राज' में भी जगरांव की हालत 'जस की तस' बनी रहेगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि आज एसडीएम मैडम बराड बिना किसी को बताए सिद्धि नगर परिषद जगरांव पहुंची और वहां पर मौजूद अधिकारियों से थोड़े समय में मीटिंग समाप्त कर अपने दफ्तर को रवाना हो गई।*

# राजनीतिक भूकंप 2026: बंगाल हुआ भगवा, तमिलनाडु ने तोड़ी परंपरा

चंडीगढ़। पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु और केरल में 2026 के विधानसभा चुनावों के नतीजे भारतीय राजनीति में एक निर्णायक मोड़ साबित हुए हैं। इन नतीजों ने दो राज्यों में ऐतिहासिक बदलाव लाए हैं, जबकि बाकी दो राज्यों में राजनीतिक निरंतरता को बनाए रखा है। सबसे ज्यादा असरदार नतीजा पश्चिम बंगाल से आया है, जहाँ भारतीय जनता पार्टी ने एक ऐतिहासिक जीत हासिल करते हुए, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को खत्म कर दिया है। यह सफलता सिर्फ़ चुनावी नहीं है, बल्कि यह ढांचागत भी है। दशकों से, बंगाल की राजनीति को मजबूत क्षेत्रीय ताकतों ने आकार दिया है। पहले वाम मोर्चा ने, और फिर ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस ने। बीजेपी की सफलता मतदाताओं के झुकाव में एक निर्णायक बदलाव का संकेत देती है; यह सत्ता-विरोधी भावना के एकीकरण, सांगठनिक विस्तार और पहचान की राजनीति के नए सिरे से समायोजन को दर्शाती है। यह पार्टी के अब तक के सबसे महत्वपूर्ण पूर्वी विस्तार का भी प्रतीक है, जिसके प्रभाव राज्य की सीमाओं से कहीं आगे तक फैलते हैं।



संदीप शर्मा, सम्पादक

तमिलनाडु में भी, उतनी ही नाटकीय कहानी सामने आई है। अभिनेता से राजनेता बने विजय के नेतृत्व में 'तमिलगा वेट्री कजगम' (टीवीके) का उदय, द्रविड़ राजनीति के दबदबे में एक ऐतिहासिक उथल-पुथल का प्रतिनिधित्व करता है। आधी सदी से भी ज्यादा समय से, राज्य में सत्ता 'द्रविड़ मुनेत्र कजगम' और 'अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कजगम' के बीच बारी-बारी से बदलती रही है। टीवीके की यह सफलता एक पीढ़ीगत बदलाव का संकेत है, जिसमें मतदाता विशेष रूप से युवा वर्ग राजनीति के पुराने ढर्रों से बाहर निकलने को तैयार नजर आ रहे हैं। हालाँकि इस बदलाव की स्थिरता की परीक्षा तो समय के साथ ही होगी, लेकिन 2026 का जनादेश निस्संदेह तमिलनाडु में एक नए राजनीतिक अध्याय की शुरूआत का संकेत देता है।

इसके विपरीत, असम ने निरंतरता और एकीकरण का जनादेश दिया है। हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता बरकरार रखी है, जिससे पूर्वोत्तर में उसकी पकड़ और मजबूत हुई है। यह नतीजा पार्टी की उस क्षमता को रेखांकित करता है जिसके तहत वह विभिन्न जातीय और क्षेत्रीय समूहों को मिलाकर एक व्यापक गठबंधन बनाए रखने में सफल रही है; उसने सुशासन के साथ-साथ स्थिरता के नैरेटिव को भी सफलतापूर्वक जोड़ा है। विपक्ष के लिए विशेष रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लिए यह नतीजा राज्य-व्यापी स्तर पर एक एकजुट और विश्वसनीय विकल्प खड़ा करने की चुनौती को उजागर करता है।

वहीं दूसरी ओर, केरल ने अपनी विशिष्ट राजनीतिक लय को बनाए रखा है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने सत्ता में वापसी की है, और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के नेतृत्व वाले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट को सत्ता से हटा दिया है। यह नतीजा केरल में चुनावी बदलाव के लंबे समय से चले आ रहे पैटर्न को दिखाता है, लेकिन साथ ही यह भी संकेत देता है कि मतदाता शासन-प्रशासन, कल्याणकारी योजनाओं के वितरण और संस्थागत विश्वसनीयता को लेकर कितने संवेदनशील हैं। दूसरी जगहों पर देखे गए नाटकीय राजनीतिक बदलावों के विपरीत, केरल का यह जनादेश यहाँ की संतुलित और चक्रीय राजनीतिक परिवर्तन की प्रतिष्ठा को और मजबूत करता है।

कुल मिलाकर, ये नतीजे किसी एक राष्ट्रीय नैरेटिव या कहानी में फिट नहीं बैठते। इसके बजाय, वे एक खंडित लेकिन गतिशील चुनावी परिदृश्य को उजागर करते हैं: बीजेपी पूरब में एक ऐतिहासिक सफलता हासिल करती है, जबकि पूर्वोत्तर में अपनी स्थिति मजबूत करती है; दक्षिण में एक नई क्षेत्रीय ताकत राजनीतिक नक्शे को फिर से परिभाषित करती है; और केरल अपनी चक्रीय, मुद्दों पर आधारित राजनीति को फिर से साबित करता है।

इसलिए, 2026 के चुनाव सिर्फ़ सरकारें ही नहीं बदलते। बल्कि वे राजनीतिक संभावनाओं को भी नए सिरे से परिभाषित करते हैं, और पर्यवेक्षकों को यह याद दिलाते हैं कि भारतीय लोकतंत्र एक ही समय में कई दिशाओं में लगातार विकसित हो रहा है।

# कॉन्ट्रैक्ट किलिंग सिंडिकेट का भंडाफोड़ः चरणप्रीत चीनी हत्याकांड में मास्टरमाइंड महिला गिरफ्तार

अजीत झा
चंडीगढ़/यूटर्न/04 मई। चंडीगढ़ पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शहर में सक्रिय कॉन्ट्रैक्ट किलिंग सिंडिकेट का पदार्फाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 18 मार्च 2026 को जिम पार्किंग के बाहर हुई चमनप्रीत सिंह उर्फ चीनी की हत्या के मामले में मास्टरमाइंड अमरीन (सेक्टर-35 निवासी) को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रॉपर्टी विवाद बना हत्या की वजह

जांच में सामने आया कि आरोपी अमरीन का न्यू चंडीगढ़ में खरीदी गई प्रॉपर्टी को लेकर चमनप्रीत सिंह से विवाद चल रहा था। आरोप है कि—

- चमनप्रीत ने प्रॉपर्टी डील में धोखाधड़ी की
- बाजार से अधिक कीमत वसूली
- कब्जा देने में देरी की, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ

इसी रंजिश के चलते अमरीन ने



चमनप्रीत को 'सबक सिखाने' के लिए उसकी हत्या की साजिश रची।

### गैंगस्टर के जरिए रची गई साजिश

पुलिस के अनुसार अमरीन ने कुख्यात गैंगस्टर लकी पटियाल से संपर्क कर कॉन्ट्रैक्ट किलिंग की योजना बनाई। इस साजिश में मोहाली के कैम्बाला गांव निवासी प्रॉपर्टी डीलर हर्षप्रीत सिंह ने अहम भूमिका निभाई, जिसने अमरीन को गैंगस्टर से जोड़ा। दोनों के बीच एन्क्रिप्टेड ऐप्स के जरिए लगातार बातचीत होती रही, जिसमें हत्या के बदले मोटी रकम देने का वादा किया गया।

### शूटरों ने दिया वारदात को अंजाम

योजना के तहत गैंगस्टर ने शूटरों राजन उर्फ पियूष पहलवान और प्रीतम को हथियार, मोटरसाइकिल और फंड मुहैया कराए।18 मार्च को दोनों शूटरों ने जिम पार्किंग के बाहर चमनप्रीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए।

### गिरफ्तारी और बरामदगी से खुली कड़ी

मामले में बड़ा मोड़ 29 अप्रैल 2026 को आया, जब पुलिस ने हर्षप्रीत सिंह को मलोया के सत्संग भवन के पास नाका के दौरान गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक इम्पोर्टेड .45 बोर पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। जांच में सामने आया कि यह हथियार अमरीन के नाम पर रजिस्टर्ड था। इस संबंध में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत अलग मामला दर्ज किया गया है।

### मास्टरमाइंड तक पहुंची पुलिस

हर्षप्रीत से पूछताछ के बाद पुलिस ने साजिश की पूरी कड़ी जोड़ते हुए मुख्य आरोपी अमरीन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस केस ने यह साफ कर दिया है कि किस तरह निजी विवाद संगठित अपराध के जरिए खतरनाक रूप ले सकते हैं।

एसपी मंजीत श्योरन का कहना है कि मामले में अन्य सहयोगियों, फंडिंग नेटवर्क और लॉजिस्टिक सपोर्ट देने वालों की पहचान के लिए जांच जारी है। इस कार्रवाई के साथ क्राइम ब्रांच ने न केवल एक सनसनीखेज हत्याकांड का पदार्फाश किया है, बल्कि शहर में सक्रिय कॉन्ट्रैक्ट किलिंग नेटवर्क पर भी बड़ा प्रहार किया है। आने वाले दिनों में इस केस में और अहम खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# हाईवोल्टेज ड्रामे के बीच बैंक ने गारमेंट कारोबारी की फैक्ट्री और कोठी की जब्त


## हीरो बेकरी की तर्ज पर सूए की सरकारी जमीन पर भी हो रहा कब्जा

लुधियाना/यूटर्न/4 मई। लुधियाना के सराभा नगर इलाके में करोड़ों की देनदारी के चलते आईडीएफसी बैंक के अधिकारियों द्वारा एक गारमेंट कारोबारी की कोठी और फैक्ट्री कब्जे में लेने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ। कारोबारी ने बचाव के लिए घर में पाठ रखवा लिया, ताकि मामले को बेअदबी से जोड़ा जा सके। जिससे उसकी कोठी और फैक्ट्री बच जाएगी। लेकिन बैंक अधिकारियों ने समझदारी दिखाते हुए गुरुद्वारा साहिब की कमेटी से बात की और कारोबारी की कोठी से गुरु साहिब को सतिकार के साथ भेजवा दिया। जिसके बाद उसकी कोठी और फैक्ट्री को कब्जे में ले लिया गया है। बता दें कि कारोबारी की कोठी सराभा नगर के ब्लॉक-ए में स्थित है, जबकि फैक्ट्री पंजाब माता नगर में हैं। कारोबारी का मल्हार रोड पर रॉयलइस्टा नाम से शोरुम था। जिसे कुछ समय पहले बंद कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कारोबारी द्वारा आईडीएफसी बैंक से करोड़ों रुपए का लोन लिया गया था। लेकिन उसने पेमेंट वापिस नहीं की। जिसके चलते बैंक अधिकारी सोमवार को कारोबारी की कोठी और फैक्ट्री जब्त करने पर पहुंच गए।










### पहले भी दर्ज है मामले

चर्चा है कि कारोबारी पर पहले भी पर्चे दर्ज हुए हैं। उस पर अपने ही रिश्तेदार से ठगी मारने का मामला दर्ज हुआ था। उक्त मामले में कारोबारी कई दिन घर से फरार रहा। फिर कोर्ट जाकर समझौता किया। लेकिन कहा जा रहा है कि आज भी उसने रिश्तेदार के पूरे पैसे वापिस नहीं किए हैं। वहीं कारोबारी ने कई और लोगों के भी पैसे देने हैं। चर्चा है कि उसने बहुत सारे लोगों से ब्याज पर पैसे लिए गए थे। लेकिन फिर लेनदेन में फर्क किया गया। जिसके चलते उनके पैसे भी वापिस नहीं किए। इस बीच अब यह मामला सामने आया।

### मल्हार रोड पर जमीन बेचकर भी नहीं चुकाया लोन

उक्त कारोबारी द्वारा कुछ साल पहले बैंक से करोड़ों रुपए का लोन लिया था। जिसके बाद कारोबार शुरू किया। उसने पहले मल्हार रोड पर रॉयलइस्टा नाम से शोरुम खोला था। चर्चा है कि कारोबारी ने मल्हार रोड पर एक महंगी जमीन बेची, जिसके पैसे भी आ गए। लेकिन कारोबारी ने बैंक के पैसे देने की जगह हीरो बेकरी के साथ एक जमीन खरीद ली। जहां पर आलीशान इमारत बनाई जा रही थी। बताया जा रहा है कि उक्त खरीद की जमीन में भी बड़ा हेरफेर है। वहां सुए की जमीन पर इमारत बनाई जा रही है। जिसकी आड़ में नगर निगम को सरेआम गच्चा दिया जा रहा है।

# लालड़ू के गांव बड़ाना में आधुनिक खेल स्टेडियम का उद्घाटन, युवाओं को बड़ा तोहफा

## 18.61 लाख की लागत से तैयार स्टेडियम में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध



लालड़ू/यूटर्न/04 मई। लालड़ू के नजदीकी गांव बड़ाना में सोमवार को ₹18.61 लाख की लागत से तैयार किए गए आधुनिक खेल स्टेडियम का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि और युवा मौजूद रहे। यह प्रोजेक्ट पंजाब सरकार के खेल एवं युवा सेवाएं विभाग तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के तहत राज्यभर में बनाए जा रहे 3100 खेल मैदानों के पहले चरण का हिस्सा है। इस पहल को मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और कैबिनेट मंत्री तरनप्रीत सिंह सोंद के मार्गदर्शन में आगे बढ़ाया जा रहा है।

स्टेडियम में युवाओं और ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई आधुनिक व्यवस्थाएं की गई हैं। इनमें टॉयलेट ब्लॉक, फुट लाइट, झूले, स्प्रिंकलर सिस्टम, कंक्रीट बेंच, मुख्य गेट, हाई मास्ट लाइट, फुटबॉल ग्राउंड और सुंदर पौधारोपण शामिल हैं। इन सुविधाओं से गांव के युवाओं को बेहतर खेल वातावरण मिलेगा और वे खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले सकेंगे। इस अवसर पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि यह खेल स्टेडियम युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा और उन्हें खेलों की ओर प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रोजेक्ट गांवों में सकारात्मक और स्वस्थ माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार का मुख्य उद्देश्य गांव स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना है, ताकि युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखकर उनकी ऊर्जा को सही दिशा में लगाया जा सके। इस मौके पर सरपंच सतविंदर सिंह, पंचायत सदस्य, आसपास के गांवों के सरपंच-पंच, पार्टी के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल के लिए पंजाब सरकार का आभार जताया और उम्मीद जताई कि इससे क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

# तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे से टकराई, चालक घायल

जीरकपुर/यूटर्न/04 मई। जीरकपुर के बलटाना स्थित फर्नीचर मार्केट में देर रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जब एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी



जबरदस्त थी कि कार खंभे से टकराने के बाद पास के एक शोरूम के बाहर बनी सीढ़ियों से जा भिड़ी, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार (नंबर PB70J 2664) तेज रफ्तार में थी और अचानक सड़क के एक किनारे से दूसरे किनारे की ओर मुड़ गई। इसी दौरान चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर के समय कार के एयरबैग खुल गए, जिससे चालक की जान बच गई, हालांकि वह घायल हो गया। बताया जा रहा है कि कार में केवल एक ही व्यक्ति सवार था। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चालक को वाहन से बाहर निकाला और उसे नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कंडक्टर साइड का दरवाजा भी बुरी तरह टूट गया। टक्कर की वजह से बिजली का खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे बलटाना क्षेत्र के कई हिस्सों में रातभर बिजली आपूर्ति बाधित रही और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# पंजाब की बेटी बनी कनाडा पुलिस में पीस ऑफिसर, सरपंच पिता बोले- बेटी की उपलब्धि पर गर्व

मोगा/यूटर्न/4 मई। मोगा के गांव मल्लके की जसदीप कौर बराड़ ने कनाडा पुलिस में 'पीस ऑफिसर' के पद पर नियुक्ति हासिल की है। वह मौजूदा सरपंच राजा मल्लके की बेटी हैं। इस उपलब्धि से गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जसदीप कौर की इस सफलता की खबर फैलते ही गांव और आसपास के क्षेत्रों में जश्न का माहौल बन गया। सरपंच राजा मल्लके के घर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। रिश्तेदार, ग्रामीण और राजनीतिक नेता परिवार को शुभकामनाएं दे रहे हैं। लोग मिठाइयां बांटकर और ढोल की थाप पर भंगड़ा डालकर अपनी खुशी व्यक्त कर रहे हैं। जसदीप कौर बराड़ की यह उपलब्धि उनकी




कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। कनाडा जैसे विकसित देश में पुलिस विभाग में भर्ती के लिए सख्त शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है। उन्होंने अपनी लगन और संघर्ष से यह मुकाम हासिल किया है। जसदीप की यह सफलता युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायक है।

# टीचर से परेशान होकर युवक ने नहर में छलांग लगा की खुदखुशी, इकलौता बेटा था

पंजाब/यूटर्न/4 मई। फरीदकोट में एक छात्र ने टीचर की प्रताड़ना से तंग आकर नहर में कूदकर सुसाइड कर लिया। उसने मरने से पहले इंस्टा पर एक पोस्ट डाली, जिसमें लिखा- टीचर को सजा दिलवाई जाए। पिता ने कहा कि टीचर ने योगेश शर्मा को बहुत बेइज्जत किया और कहा कि अगर तुममें अपनी किताब जमा करने की हिम्मत नहीं है, तो तुम ट्रेन के नीचे आकर या अपनी नहर में कूदकर मर जाओ। जिससे वह परेशान चल रहा था। सरहिंद नहर में



छलांग लगा दी। इसके बाद यहां से करीब 100 किलोमीटर दूर सरहिंद नहर से निकलने वाली अबोहर ब्रांच में इसकी लाश मिला है। आज उसका पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। मृतक के पिता टेलर मास्टर हैं। परिवार में माता-पिता के अलावा दो बहनें है, वह परिवार का इकलौता बेटा था। वहीं सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने आरोपी टीचर को भी पकड़ लिया है, हालांकि अभी पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### किताबों को लेकर दी धमकी

गांव सुखनवाला के रहने वाले मृतक के पिता गुरसेवक पाल ने पुलिस को बताया कि योगेश शर्मा (21) गुरु नानक सरकारी कॉलेज, गुरु तेग बहादुरगढ़ (रोडे कॉलेज), मोगा में बीए-1 में पढ़ रहा था।

25 अप्रैल को योगेश शर्मा सुबह 7.30 हमेशा की तरह कॉलेज गया। उन्होंने कहा कि योगेश ने चाचा को बताया था कि टीचर ने कहा है कि आप पैसे जमा कर दें और शिक्षक ने मुझे लाइब्रेरी में लाई गई किताबें जमा करने के लिए कहा है और मुझे धमकी दे रहे हैं कि यदि किताबें जमा नहीं की गईं, तो आपको रोल नंबर नहीं दिया जाएगा और आपका नाम कॉलेज से हटा दिया जाएगा।

# पति ने पत्नी का मर्डर करके फिर खुद को गोली मारी, दूसरी शादी की थी

पंजाब/यूटर्न/4 मई। गुरदासपुर में व्यक्ति ने पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घर के अंदर महिला की लाश फर्श पर, जबकि व्यक्ति का शव सोफे पर पड़ा मिला। व्यक्ति की ये दूसरी पत्नी थी। करीब 8 साल पहले पहली पत्नी से उसका तलाक हो चुका था। दूसरी शादी के बाद भी दंपती में पारिवारिक कलह चल रहा था। घटना के वक्त दोनों घर पर अकेले थे। दंपती की 2 बेटियां हैं। जिनमें से एक 9 साल की और दूसरी 7 साल की है। आज दोनों का पोस्टमॉर्टम होगा। पुलिस ने कहा कि मौके से लाइसेंसी पिस्टल बरामद की गई है, जिससे गोलियां चलाई गईं।





### साल पहले पहली पत्नी से तलाक

घटना रविवार देर शाम को बटाला के हलका फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव कादियां राजपूतां में सामने आई। मृतक बरिंदर सिंह उर्फ बिंदा (42) का अपनी पहली पत्नी हरजदिंर कौर से करीब 8 साल पहले तलाक हो चुका था। इसके बाद उसने परमशील उर्फ शैली (40) से दूसरी शादी की थी। सरपंच गुरविंदर सिंह के मुताबिक, दोनों के बीच मतभेद था। लेकिन, ये क्यों था कोई नहीं जानता। परिवार का कहना है कि दोनों में कई बार पहले भी झगड़ा हो चुका है। बरजिंदर उर्फ बिंदा गांव अलीवाल में टेलीकॉम की दुकान चलाता था।

### दूसरी पत्नी ने भी तलाक की मांग की

परिवार ने कहा कि रोज रोज होने वाले झगड़ों से तंग आकर परमशील कौर ने बरजिंदर से तलाक की मांग की थी। इसके लिए उसने वूमेन सैल में शिकाटत दी थी। जिसके चलते बीती रात विवाद हुआ। घटना के वक्त बच्चे रिश्तेदार के घर पर थे।

# बलटाना में बढ़ती चोरियां, पीटीसी बजट बाजार की दुकान से 50 हजार नकद चोरी





जीरकपुर/यूटर्न/04 मई। जीरकपुर के बलटाना इलाके में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों में डर और नाराजगी का माहौल है। ताजा मामला पीटीसी बजट बाजार स्थित एक दुकान से सामने आया है, जहां अज्ञात चोर ने बड़ी ही चालाकी से वारदात को अंजाम दिया। दुकान मालिक के अनुसार, चोर ने दुकान के बाहर लगे कूलर का सहारा लेकर पहली मंजिल तक पहुंच बनाई। इसके बाद वह खिड़की के जरिए बाथरूम में घुसा और अंदर से ग्राउंड फ्लोर तक पहुंच गया। मौके का फायदा उठाते हुए उसने दुकान में रखी करीब 50 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली और फरार हो गया। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब सुबह दुकान मालिक रोजाना की तरह दुकान खोलने पहुंचा। अंदर का सामान बिखरा देखकर उसे चोरी का अंदेशा हुआ। जांच करने पर नकदी गायब मिली, जिसके बाद आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी गई। चोरी की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बलटाना क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन इसके बावजूद पुलिस की ओर से प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इलाके में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही सख्त कदम नहीं उठाए गए तो चोरों के हौसले और बुलंद हो सकते हैं।




# सोनम बाजवा ने स्विमसूट में बिखेरा जलवा, सोशल मीडिया पर मचा तहलका

मुंबई/यूटर्न/04 मई। सिनेमा की मशहूर और चर्चित अभिनेत्री सोनम बाजवा इन दिनों अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरों से सोशल मीडिया पर धूम मचा रही हैं। हाल ही में उनकी एक रील सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है जिसमें वो पीच कलर के डीप नेक स्विमसूट में बेहद आकर्षक और खूबसूरत नजर आ रही हैं। इस वीडियो में सोनम के उड़ते हुए बाल और उनका बेफिक्र अंदाज देखने वालों का दिल जीत रहा है।

# चंडीगढ़-मुंबई के बीच नई साझेदारी की पहल, मेयर सौरभ जोशी ने दिए 'गेम-चेंजर' प्रस्ताव

चंडीगढ़/यूटर्न/04 मई। शहर के समग्र और सतत विकास को गति देने के लिए नगर निगम चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने मुंबई के साथ अहम सहयोग की पहल की है। इस सिलसिले में उन्होंने बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) का दौरा किया और मुंबई की मेयर रीतु तावड़े व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। इस दौरान एमसी के चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा भी उनके साथ मौजूद रहे।







## एलिवेटेड वॉकवे और नेचर ट्रेल पर फोकस

बैठक में शहर में एलिवेटेड वॉकवे और नेचर ट्रेल विकसित करने के प्रस्ताव पर विशेष जोर दिया गया। योजना के तहत पार्कों, ग्रीन बेल्ट और चुनिंदा शहरी क्षेत्रों में ऊंचे पैदल मार्ग बनाए जा सकते हैं, जिससे लोग हरियाली का अलग अनुभव ले सकें और जमीन पर मौजूद वनस्पति को भी सुरक्षित रखा जा सके।यह पहल सुरक्षित पैदल आवागमन, पर्यावरण-अनुकूल मनोरंजन, ग्रीन स्पेस तक बेहतर पहुंच और जलवायु के अनुकूल शहरी विकास को बढ़ावा देगी।

## छात्रों के लिए हेल्पलाइन की पहल

मेयर जोशी ने मुंबई में रह रहे चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश सहित उत्तरी राज्यों के छात्रों के लिए एक विशेष स्टूडेंट सपोर्ट हेल्पलाइन/फैसिलिटेशन डेस्क स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा।इस हेल्पलाइन के जरिए छात्रों को नागरिक सेवाओं, परिवहन, सुरक्षा, आवास, शिक्षा नेटवर्क और स्थानीय समुदाय से जुड़ने में मदद मिलेगी, जिससे वे नए शहर में आसानी से खुद को ढाल सकेंगे।

## नॉलेज शेयरिंग और एक्सचेंज प्रोग्राम

*इस बैठक का एक अहम परिणाम दोनों नगर निकायों के बीच 'इंटर-कॉरपोरेशन प्रोफेशनल एक्सचेंज प्रोग्राम' का प्रस्ताव रहा। इसके तहत दोनों शहरों के अधिकारी और विशेषज्ञ एक-दूसरे से सीखने के लिए तकनीकी विजिट, संयुक्त कार्यशालाएं और अनुभव साझा करेंगे। यह कार्यक्रम शहरी बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, सीवरेज, ड्रेनेज सिस्टम, ठोस कचरा प्रबंधन, पब्लिक हेल्थ, ई-गवर्नेंस और पीपीपी मॉडल जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देगा।*

## बीएमसी के प्रेजेंटेशन में दिखे आधुनिक समाधान

बैठक के दौरान बीएमसी अधिकारियों ने वैज्ञानिक रोड रीकार्पेटिंग, उन्नत स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइटिंग के मानकीकृत लक्स स्तर और रउअऊक्ष आधारित जल आपूर्ति प्रणाली जैसे आधुनिक प्रोजेक्ट्स की जानकारी दी। मेयर सौरभ जोशी ने बीएमसी की इन पहलों की सराहना करते हुए कहा कि एलिवेटेड वॉकवे, छात्र सहायता प्रणाली और संस्थागत सहयोग से चंडीगढ़ में शहरी जीवन स्तर और सेवाओं की गुणवत्ता में बड़ा सुधार होगा।

# मनीमाजरा में सिक्योरिटी गार्ड की ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री सुलझी, 48 घंटे में तीन आरोपी गिरफ्तार





अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/04 मई। मनीमाजरा के कलाग्राम इलाके में मिले सिक्योरिटी गार्ड के सनसनीखेज 'ब्लाइंड मर्डर' केस को चंडीगढ़ पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर सुलझाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या में इस्तेमाल किए गए अहम सबूत भी बरामद किए हैं।

यह मामला 2 मई को थाना मनीमाजरा में एफआईआर नंबर 48 के तहत दर्ज किया गया था। उसी दिन सुबह करीब 9:48 बजे पुलिस को सूचना मिली कि कलाग्राम लाइट प्वाइंट के पास पेट्रोल पंप के नजदीक एक व्यक्ति का खून से सना शव पड़ा है। मृतक की पहचान मनीमाजरा स्थित पीडब्ल्यूडी स्टोर में कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड के रूप में हुई।



## मोबाइल चोरी के शक ने ली जान

जांच में सामने आया कि पीडब्ल्यूडी स्टोर के पास झुग्गियों में रहने वाले कुछ मजदूरों का मोबाइल फोन 8-10 दिन पहले चोरी हो गया था। उन्हें शक था कि यह चोरी सिक्योरिटी गार्ड ने की है। 2 मई की रात करीब 10 :30 बजे आरोपियों ने शराब के नशे में गार्ड का सामना किया। पहले कहासुनी हुई, जो जल्द ही हिंसक झगड़े में बदल गई। गुस्से में आकर आरोपियों ने गार्ड के साथ बेरहमी से मारपीट की और उसकी ही बेल्ट से गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपियों ने सबूत मिटाने की कोशिश करते हुए शव को घसीटकर जंगल में फेंक दिया, ताकि पुलिस को गुमराह किया जा सके।

## मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने 3 मई को कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों 47 वर्षीय मुन्ना रजक ,27 वर्षीय शनि देव कुमार, धनिक कुमार साह को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपी बिहार के मधेपुरा जिले के निवासी हैं और चंडीगढ़ में मजदूरी का काम करते थे। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या से जुड़े महत्वपूर्ण सबूत बरामद किए हैं मृतक का मोबाइल फोन ,वारदात में इस्तेमाल की गई लकड़ी की छड़ी ,खून से सने कपड़े।

## 14 दिन की न्यायिक हिरासत

गिरफ्तारी के बाद तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## बहुस्तरीय जांच से टूटी 'ब्लाइंड मर्डर' की गुत्थी

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर तुरंत कई टीमें गठित की गई। केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने मौके का निरीक्षण कर अहम सुराग जुटाए। पुलिस ने एक साथ कई स्तरों पर जांच शुरू की सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच ,तकनीकी सर्विलांस और कॉल डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण ,स्थानीय मुखबिर तंत्र की सक्रियता,मृतक के सामाजिक, आर्थिक और व्यक्तिगत संबंधों की पड़ताल जंगल क्षेत्र के एंट्री-एग्जिट पॉइंट्स, पेट्रोल पंप और आसपास के सभी कैमरों को खंगाला गया। साथ ही झुग्गियों में रहने वाले लोगों से गहन पूछताछ की गई।




Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372